# तीन दिवसीय प्रवास पर गोरखपुर पहुंचे सी.एम. योगी



**कार्यालय प्रतिनिधि**

गोरखपुर, १२ जनवरी। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय प्रवास पर आज शाम गोरखपुर पहुंच गये। वह सीधे श्री गोरक्षनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने शिव अवतारी महायोगी गुरू गोरक्षनाथ का विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद वह मंदिर परिसर स्थित अपने गुरूदेव ब्रम्हलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर गये तथा उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ १३ जनवरी को गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। समापन समारोह १३ जनवरी को अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक होगा। मकर संक्रांति १४ जनवरी को मनायी जायेगी। इस अवसर पर वह श्री गोरक्षनाथ मंदिर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# प्रदेश में बनेगा 'इको टूरिज्म' बोर्ड-नीलकंठ तिवारी

गोरखपुर,१२जनवरी । चम्पा देवी पार्क में आयोजित दो दिवसीय गोरखपुर महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धर्मार्थ एवं प्रोटोकाल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. नीलकंठ तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया तथा महोत्सव के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद की संस्कृति, कला और साहित्य के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से गोरखपुर महोत्सव का आयोजन किया जाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए महोत्सव का आयोजन किया गया है इसके लिए आयोजक गण बधाई के पात्र है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि कि प्रदेश में इको टूरिज्म की अद्धुत संभावना है और उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म बोर्ड बनेगा। रामगढ़ताल के सौन्दर्यीकरण को और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि चौरी चौरा में शहीदों की यादगार में एक भव्य एवं दिव्य म्यूजियम के निर्माण के साथ ही चौरी चौरा की घटना के शताब्दी वर्ष के आयोजन हेतु पूरे एक साल का भव्य कार्यक्रम की योजना बनाई जा रही है। 04 फरवरी 2021 से 4 फरवरी 2022 तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश को एक नई दिशा मिल रही है, गोरखपुर विकास की ओर निरन्तर अग्रसर है ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के




❑ संस्कृति, पर्यटन और विकास के लिए सहायक होगा गोरखपुर महोत्सव-आयुक्त

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गोरखपुर महोत्सव के आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते है और स्वामी विवेकानंद की जयंती भी है। गोरखपुर मण्डल आध्यात्म संवृद्धि, संस्कृति, ज्ञान, कला और संस्कृति का प्रतिबिम्ब है। सहित्य कला से लेकर विज्ञान, संस्कृति आदि का प्रदर्शन महोत्सव में किया जा रहा है जिसके माध्यम से व्यक्तित्व को उजागर करने का एक अच्छा प्लोटफार्म मिला है।

सदर सांसद रविकिशन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उ.प्र. विकास की ओर अग्रसर है। महापौर सीता राम जायसवाल, राज्य सभा सांसद जय प्रकाश निषाद, विधायक कैम्पियरगंज फतेह बहादुर सिंह, सदर विधायक डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, नीतियों, निर्णयों आदि पर प्रकाश डाला तथा गोरखपुर महोत्सव के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। इसके अतिरिक्त महोत्सव समिति के अध्यक्ष/मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्टि अतिथि सहित सभी का स्वागत करते हुए कहा कि गोरखपुर जनपद आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों का प्रमुख केन्द्र रहा है। पूर्वान्चल की संस्कृतिक, कला साहित्य एवं ज्ञान के संवर्धन व संरक्षण में गोरखपुर महोत्सव का आयोजन निश्चित रूप से संस्कृति, पर्यटन व विकास के लिए सहायक होगा।

गोरखपुर महोत्सव में सूचना विभाग द्वारा महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गयी है जिसका उद्घाटन नगर विधायक डा0 राधामोहन दास अग्रवाल ने फीता काटकर किया तथा प्रदर्शनी का भ्रमण करते हुए उन्होंने प्रदर्शनी आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांधी जी एवं स्वामी विवेकानंद के संदेशों को देने का प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों की विभागीय प्रदर्शनी लगाई गयी है और स्थानीय कलाकारों द्वारा अपने कला का प्रदर्शनी भी किया जा रहा है। गोरखपुर महोत्सव में वन विभाग द्वारा इको टूरिज्म पर आधारित डाक्यूमेंन्ट्री का प्रदर्शन भी किया गया।

अन्त में जिलाधिकारी के विजयेन्द्र पाण्डियन में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सहित उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# निषाद पार्टी का संकल्प दिवस, आरक्षण महारैली आज

**कार्यालय प्रतिनिधि**

गोरखपुर, १२ जनवरी। केन्द्र से लगायत प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा का मित्र दल निषाद पार्टी कुछ हद तक बगावती मूड में दिख रही है। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय कुमार निषाद ने निषाद समाज की आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिये १३ जनवरी को संकल्प दिवस आरक्षण महारैली का आयोजन किया है। इसमें बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग भाग लेंगे। यह जानकारी निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय कुमार निषाद ने प्रेस कान्फ्रेंस में दी। डा. निषाद ने कहा कि जैसे सभी पार्टियां अपना संकल्प लेती है, हमारी पार्टी का भी १३ जनवरी २०१३ से प्रत्येक वर्ष संकल्प लिया जाता है, इस बार १३ जनवरी को गोरखपुर में है, जहां देश के प्रदेश के प्रत्येक जिले के हर विधान सभाओं से लाखों लोग आरक्षण और सत्ता में भागीदारी का संकल्प लेने गोरखपुर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर गुरू मत्स्येन्द्र नाथ, गुरू गोरक्षनाथ की तपोभूमि है वो हमारी जन्मभूमि के साथ कर्मभूमि भी है, निषाद पार्टी ने योगी के क्षेत्र में २०१८, २०१९ का चुनाव भी वहां से लड़ा और जीता भी इसलिये गोरखपुर संकल्प दिवस के लिये निषाद पार्टी के लिये महत्वपूर्ण है। डा. निषाद ने कहा कि भाजपा हमारी सहयोगी पार्टी है और २०१९ में दोनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने आपस में विचार विमर्श कर एक साथ आने का फैसला लिया था। समाज के लोग पूछते हैं कि लोकसभा चुनाव २०१९ में भाजपा ने आपसे कई वायदे किये थे अब आरपप उनके सहयोगी भी हैं तो ऐसे में कोई वायदा पूरा हुआ या नहीं। हमें कहना पड़ता है कि वायदे उन्होंने किये हैं तो अभी तक पूरे क्यों नहीं किये ये भाजपा जाने। हमने मछुआ समाज के आरक्षण और विकास के लिये गठबंधन किया है। मछुआ समाज के साथ सबने अन्याय किया, चाहे बसपा हो, सपा हो सबने वोट लेकर छलने का काम किया। सपा कभी एस.सी. से बाहर कर पिछड़ी सूची में डाल देती है तो बसपा स्टे लगा देती है।



# कानपुर-आनंद बिहार के बीच विशेष गाड़ी १७ से

गोरखपुर,१२ जनवरी। रेलवे प्रषासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 04161/04162 कानपुर सेन्ट्रल-आनन्द विहार टर्मिनस-कानपुर सेन्ट्रल साप्ताहिक विषेष गाड़ी का संचलन 17 जनवरी से अगली सूचना तक प्रत्येक रविवार को किया जायेगा। 04161 कानपुर सेन्ट्रल-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक विशेष गाड़ी 17 जनवरी, 2021 से अगली सूचना तक प्रत्येक रविवार को कानपुर सेन्ट्रल से 7.50 बजे प्रस्थान कर कानपुर अनवरगंज से 8.02 बजे, कल्यानपुर से 8.13 बजे, कन्नौज से 9.05 बजे, गुरसहायगंज से 9.26 बजे, फतेहगढ़ से 10.12 बजे, फर्रूखाबाद से 11.20 बजे, भोगांव से 12.10 बजे, मैनपुरी से 12.35 बजे, षिकोहाबाद से 14.15 बजे, टुण्डला से 15.20 बजे तथा अलीगढ़ से 16.10 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 18.20 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 04162 आनन्द विहार टर्मिनस-कानपुर सेन्ट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी 17 जनवरी से अगली सूचना तक प्रत्येक रविवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 20.45 बजे प्रस्थान कर अलीगढ़ से 22.25 बजे, टुण्डला से 23.27 बजे, दूसरे दिन षिकोहाबाद से 00.02 बजे, मैनपुरी से 00.55 बजे, भोगांव से 1.15 बजे, फर्रूखाबाद से 2.55 बजे, फतेहगढ़ से 3.12 बजे, गुरसहायगंज से 3.53 बजे, कन्नौज से 4.20 बजे, कल्यानपुर से 5.25 बजे तथा कानपुर अनवरगंज से 6.02 बजे छूटकर कानपुर सेन्ट्रल 6.20 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी की संरचना में जनरेटर सह लगेज यान के 2, साधारण द्वितीय श्रेणी के 6, शयनयान श्रेणी के 8, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 1 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

## आनंद स्वरूप शुक्ला १७ को आयेंगे

गोरखपुर,१२ जनवरी। प्रदेश के राज्य मंत्री, संसदीय कार्य/ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग उ.प. आनन्द स्वरूप शुक्ल का आगमन 17 जनवरी को दोपहर 12 बजे आयेंगे तथा 18 जनवरी को अपरान्ह 12.15 बजे से 2.45 बजे तक आजमगढ़, बस्ती, देवीपाटन एवं गोरखपुर मण्डलों की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने के उपरान्त लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# दो गाड़ियां निरस्त, चार का मार्ग बदला

गोरखपुर,१२ जनवरी। पंजाब में चल रहे किसान आन्दोलन के कारण रेलवे प्रषासन द्वारा गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। दरभंगा से 13 जनवरी को चलने वाली 05211 दरभंगा-अमृतसर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। अमृतसर से 15 जनवरी को चलने वाली 05212 अमृतसर-दरभंगा विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। अमृतसर से 13 जनवरी, 2021 को चलने वाली 04650 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग अमृतसर-जन्डियाला-व्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन-व्यास के रास्ते चलायी जायेगी। अमृतसर से 13 जनवरी को चलने वाली 04652 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग अमृतसर-जन्डियाला-व्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन-व्यास के रास्ते चलायी जायेगी। अमृतसर से 13 जनवरी को चलने वाली 04654 अमृतसर-न्यू जलपाई गुड़ी विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग व्यास-जन्डियाला-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग व्यास-तरनतारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। न्यू जलपाई गुड़ी से 13 जनवरी को चलने वाली 02407 न्यू जलपाई गुड़ी-अमृतसर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग व्यास-जन्डियाला-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग व्यास-तरनतारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी।

# ई-टिकट के अवैध कारोबार पर कारवाई

गोरखपुर,१२जनवरी। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, काशीपुर द्वारा दिव्या कम्प्यूटर सेन्टर, पतरामपुर, तीरथनगर, जनपद-उधमसिंहनगर की दुकान से 1 व्यक्ति को 6 अदद अवैध ई-टिकट के साथ पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति के विरूद्ध रेल अधिनियम के तहत कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत किया गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, बस्ती द्वारा करण जनसेवा केन्द्र, विशनपुरा बाजार, रूधौली की दुकान से 1 व्यक्ति को 46 अदद अवैध ई-टिकट के साथ पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति के विरूद्ध रेल अधिनियम के तहत कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत किया गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, औंड़िहार एवं अपराध आसूचना शाखा, वाराणसी द्वारा मां सरस्वती मोबाईल टूर एण्ड ट्रैवेल्स, नन्दगंज, गाजीपुर की दुकान से 1 व्यक्ति को 18 अदद अवैध ई-टिकट के साथ पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति के विरूद्ध रेल अधिनियम के तहत कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

HDFC BANK
We understand your world

**AUCTION NOTICE FOR GOLD ORNAMENTS**

The borrower (s) (whose details are provided in the table herein below), in particular, and the public, in general, are hereby informed that the below mentioned Loan account is overdue, and the borrower account holder has not responded to/complied with the communications and notices send by HDFC Bank Limited (the"Bank") requesting the Borrower to clear his/her/ their dues as per the documents in respect of the below mentioned Loan signed/accepted by the borrower (such documents, collectively "Loan Agreement" ) and therefore defaulted in terms thereof . The Bank has in exercise of its rights as a pledgee, decided to enforce the pledge and therefore hold a public auction of the gold ornaments pledged to the Bank as security for the loan for the purpose of selling the same and realizing / recovering the dues owed by the borrower to the Bank. **The auction will be conducted at below mentioned branch on 20.01.2021 At 9.30 am onwards.**

| Loan No | Borrower`s Name & Address | Date of Loan | Total Overdues as on 13/01/2021 | Place of AUCTION |
|---|---|---|---|---|
| 72474395 | Vishram Gupta Baidauli Mahuadih Dumari Sawangi Patti Kushinagar Kasia Uttar Pradesh 274402 | 23 Mar 20 | 42369 | HDFC Bank Ltd KH NO 825, Gorakhpur Road, Khushinagar, Uttar Pradesh 274402 |
| 72226874 | Rakesh Patel 75 Arjun Dumri Arjun Dumari Padrauna Uttar Pradesh 274203 | 27 Sep 19 | 220589 | |
| 72133842 | Saroj Mishra W/o Rakesh Mishra Aktahiya Bhatani Dadan Deoria Bhatni Dadan Deoria Uttar Pradesh 274206 | 23 Jul 19 | 65287 | HDFC Bank Ltd Premises Number 77 And 78 Radhika Complex Ashuran Chowk, Gorakhpur Uttar Pradesh-273001 |
| 72475907 | Vaibhav Shukla H N 98 Rudain Urf Majhgava Police Station Belipar Tahshil Bansgaon District Gorakhpur Uttar Pradesh 273401 | 3 Apr 20 | 16800 | |
| 72345093 | Ramesh Kumar Sahani 373 Bhagwanpur Khas Moha4ripur Ward 16 Gorakhpur Uttar Pradesh 273165 | 21 Dec 19 | 64778 | |
| 72606748 | Sandhya Srivastava L I G-2-676 Vikas Nagar Colony Ward -53 Fertilizer Factory Gorakhpur Uttar Pradesh 273001 | 28 Jul 20 | 56100 | |
| 72283494 | Vivek Kumar Srivastava 202 J Dr Sen Gupta Len Dharmpur Shahpur PO Geeta Vatika Gorakhpur Uttar Pradesh 273006 | 8 Nov 19 | 236080 | |
| 72511990 | Manish Kumar Jaiswal S/o Laxmi Prasad Jaiswal 982 Charfatak Power House Road Near Railway Line Khorabar Urf Soobabazar Gorakhpur Uttar Pradesh 273008 | 29 May 20 | 146480 | |
| 72652832 | Santosh Kumar Jaiswal S/o Anirudh Lal Jaiswal Uttar Patti Uttar Patti Mehdawal Sant Kabir Nagar Uttar Pradesh 272271 | 26 Aug 20 | 102979 | |
| 72313304 | Jitendra Ojha S/o Jugul Kishor 16 Pakadiyar Bishunpur Pakariar Bishunpur Maharajganj Ghughli R S Uttar Pradesh 273151 | 29 Nov 19 | 92647 | |
| 72652811 | Santosh Kumar Jaiswal S/o Anirudh Lal Jaiswal Uttar Patti Uttar Patti Mehdawal Sant Kabir Nagar Uttar Pradesh 272271 | 26 Aug 20 | 75553 | |
| 72241911 | Kamlesh Singh S/o Ram Sewak Singh Gram-Naudari Post-Mehdawa Nr Jagatguru School Sant Kabir Nagar UP- 272271 | 9 Oct 19 | 70860 | |
| 72508680 | Santosh Kumar Yadav Vill Semara Po Manjhariya PS Chluwatal Gorakhpur Uttar Pradesh 273015 | 27 May 20 | 58185 | |
| 72270898 | Ashwani Kumar Shahi 382 K Azad Nagar Rustampur New Shivpuri Colony Gorakhpur Uttar Pradesh 273016 | 31 Oct 19 | 311701.98 | |
| 72654139 | Barun Kumar Pandey C/o Girijesh Kumar Pandey Mundera Kala Post Baulliya Raja Maharajganj Mundera Kala UP 273303 | 27 Aug 20 | 35834 | HDFC Bank Ltd Khasara N. 1098 Mohalla Lohiya Nagar Manakpur Chauraha Parinda Rd Maharaj Ganj -273303 |
| 72494031 | Sanjay Kumar Singh S/o Yogendra Singhsarojani Nagar Ward No. 20 Maharajganj Uttar Pradesh 273303 | 12 May 20 | 489001 | |
| 72355309 | Sanjay Kumar Khutha Bajar Mudila Murila Khutha Bajar Mudila Murila Sadar Maharajganj Uttar Pradesh 273303 | 30 Dec 19 | 349440 | |
| 72358153 | Sapna Singh W/o Ratnakar Singh Vill Danopurpost Deoria Near K.D Hospital Donopur Deoria Uttar Pradesh 274001 | 31 Dec 19 | 166127 | HDFC Bank Ltd 438/21, Kotwali Road Deoria - 274001 UP |

The auction shall be conducted on an "AS IS WHERE" and the "AS IS WHAT IS" basis and the Bank is not making and shall not make any representations or warranties as regards the quality, purity, caratage, weight or valuation of the said gold ornaments. It shall be the sole and absolute responsibility of the potential purchasers to verify, examine and satisfy themselves about the quality, purity, caratage, weight or valuation of the said gold ornaments prior to placing their bids and for such purpose it shall be open to potential purchasers to examine , at their sole cost and expense, and at the address set out hereinabove, the gold ornaments whether with or without expert advice 45 minutes prior to the time stipulated for the conduct of the auction. All bids shall be subject to such minimum reserve price as the Bank may deem fit to fix in this regard. The auction process and the sale (if any) pursuant to such auction shall be subject to such further terms and conditions as the Bank may at its sole discretion deem fit to impose . If the borrower(s) mentioned above pays the amount due to the bank in terms of the Loan agreement in his individual loan account in full before the auction as mentioned above, the pledged ornaments securing the said loan may be withdrawn by the bank from the said auction without any further notice. Please note that it is the absolute discretionary power of the undersigned authorized officer of the Bank, either to postpone or to cancel the auction proceedings without prior notice and without assigning any reason therefore and to reject any or all the bids or offers without assigning any reason for the same.

**Date : 13.01.2021, Place : Gorakhpur** — **AUTHORISED OFFICER, HDFC BANK LTD.**

गौरवशाली संस्कृति
समृद्ध विरासत एवं प्रगति का उत्सव






गोरखपुर महोत्सव
12-13 जनवरी, 2021
का
समापन
मुख्य अतिथि
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

दिनांक : 13 जनवरी, 2021 | समय : अपराह्न 1:30 बजे
स्थान : चंपा देवी पार्क, रामगढ़ताल क्षेत्र, गोरखपुर

सांस्कृतिक कार्यक्रम

श्री किशोर चतुर्वेदी एवं सुश्री स्वाति द्वारा भजन संध्या
एवं
उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ब्रज के लोकनृत्य की प्रस्तुति

- यूथ पावर एसोसिएशन द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन - पूर्वाह्न 11:00 बजे
- सबरंग कार्यक्रम (राष्ट्रीय स्तर के स्थानीय कलाकारों द्वारा)
- डॉ. प्रतिभा (लखनऊ) द्वारा गायन - अपराह्न 1:00 - 1:30 बजे
- श्री आकाश दुबे द्वारा गायन - अपराह्न 1:30 - 2:00 बजे
- लोक वाद्य प्रदर्शन (वाराणसी एवं रामज्ञान गोरखपुर) -अपराह्न 3:00 बजे
- काशी विश्वनाथ डमरू ग्रुप, वाराणसी द्वारा डमरू वादन अपराह्न 3:00 बजे
- सुश्री मर्यादा कुलश्रेष्ठ द्वारा कथक नृत्य प्रदर्शन सायं 5:00 - 5:30 बजे
- सुश्री मैथिली ठाकुर द्वारा गायन - सायं 5:30 - 6:30 बजे
- कवि सम्मेलन - सायं 7:00 बजे

**सेमिनार/वर्कशॉप**
- गो-संरक्षण एवं आत्मनिर्भर पशुपालक पूर्वाह्न 10:30 बजे
- Importance of Preventive Care in Health Sector, अपराह्न 2:00 बजे

स्थान : एनेक्सी भवन

**नाट्य मंच**
- भोजपुरी एसो. ऑफ इंडिया द्वारा विदेशिया नाट्य मंचन - अपराह्न 2:00 बजे
- श्री मलय मिश्रा द्वारा नाट्य मंचन अपराह्न 4:00 बजे

स्थान : मुक्ताकाशी मंच

**अन्य आकर्षण**
- कृषि, उद्यान, मण्डलीय सरस एवं पुस्तक मेला
- स्वामी विवेकानंद जी एवं पूर्वांचल के महापुरुषों पर प्रदर्शनी
- गुरु गोरक्षनाथ जी की सचल प्रदर्शनी

स्थान : चंपा देवी पार्क, रामगढ़ताल क्षेत्र

- हॉट एयर बैलूनिंग

स्थान : महन्त दिग्विजयनाथ पार्क

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश